# वेब ब्राउज़र क्या है (What is Web Browser)

वेब ब्राउज़र एक सॉफ्टवेयर होता है, जिसकी मदद से हम, इंटरनेट पर उपलब्ध सभी content जैसे टेक्स्ट, फोटो, वीडियो, ऑडियो आदि देख और सुन सकते हैं| साथ ही इसकी मदद से हम वेबसाइट में उपलब्ध सभी आर्टिकल्स को भी पढ़ सकते हैं

इन्हें हम client program भी कह सकते हैं तथा यह सॉफ्टवेयर hypertext दस्तावेजो के साथ संवाद करने और उन्हें प्रदर्शित करने में सक्षम होते है| वेब ब्राउजर का प्रयोग कर इन्टरनेट पर उपलब्ध विभिन्न सेवाओ का प्रयोग कर सकते है|

*वेब ब्राउज़र वो सॉफ्टवेयर होते है, जिनकी सहायता से हम इन्टरनेट पर उपलब्ध इन्फोर्मेशन को एक्सेस कर सकते हैं, फिर चाहे वो किसी भी प्रकार में उपलब्ध हो*

इंटरनेट और वेब ब्राउज़र एक दूसरे से जुड़े रहते हैं। बिना इंटरनेट के हम वेब ब्राउज़र का उपयोग नहीं कर सकते हैं। आज के समय में एक से एक अच्छे वेब ब्राउज़र जैसे Google Chrome, Mozilla Firefox, Opera, Safari आदि मौजूद है.

अधिकतर लोग इन्टरनेट में कई चीजों को लेकर भ्रमित हो जाते हैं जैसे कई लोग वेब ब्राउज़र और वेब सर्वर को एक ही टेक्नोलॉजी समझते हैं, पर ऐसा नहीं है| विभिन्न टेक्नोलॉजी के बीच अंतर को समझने के लिए नीच लिंक पर click करें

- **वेब ब्राउज़र और वेब सर्वर में अंतर**
- सर्च इंजन और वेब ब्राउजर में अंतर

## वेब ब्राउज़र का इतिहास (History of Web Browser)

World Wide Web,यह दुनिया का सबसे पहला वेब ब्राउज़र है| जिसे 1990 मे टिम-बर्नर्स-ली ने विकसित किया था| बाद में इसका नाम बदलकर Nexus कर दिया गया था| इस ब्राउज़र में कम फीचर्स थे, यहाँ तक की इसमें बुकमार्क करने की क्षमता भी नहीं थी

Mosaic Browser, यह दुनिया का दूसरा वेब ब्राउज़र है जिसे 1993 मैं विकसित किया गया था| यह दुनिया का पहला लोकप्रिय वेब ब्राउज़र था. इसमें बेहतर ग्राफिकल इंटरफेस के साथ फोटो, टेक्स्ट और ग्राफिक्स भी शामिल थे

Internet Explorer, इस वेब ब्राउज़र को 1995 मे Microsoft Company द्वारा विकसित किया गया था| secure, safe और यूजर फ्रेंडली वेब ब्राउज़र होने के कारण यह एक समय बहुत पॉपुलर था| 2002 से 2003 के बीच 95% लोग इसका उपयोग करते थे

Opera Browser को Opera Software Company ने 1995 मे लांच किया था। अच्छा वेब ब्राउज़र है. इसका दूसरा वर्जन Opera Mini Browser यूजर्स के बीच काफी ज्यादा पॉपुलर है

Mozilla Firefox,यह एक डेस्कटॉप वेब ब्राउज़र है। मोज़िला फायरफॉक्स को, मोज़िला फाउंडेशन द्वारा 2002 में विकसित किया गया था। इस वेब ब्राउज़र को फायरफॉक्स के नाम से ज्यादा जाना जाता है। यह ओपन सोर्स वेब ब्राउज़र है जोकि यूजर फ्रेंडली है| ब्राउज़र एप्लीकेशन के द्वारा स्मार्टफोन और टेबलेट में भी इसका उपयोग किया जा सकता है

Safari Browser को Apple Inc. कंपनी द्वारा 2003 मे विकसित किया गया था। यह ब्राउज़र Android devices पर नहीं चलता है। यह Browser Apple Computer, iPhone, iPad के साथ ही अन्य Apple devices पर होता है

Google Chrome,आज के समय में सबसे ज्यादा उपयोग किए जाने वाला वेब ब्राउज़र Google Chrome है. Google Chrome अब तक का सबसे अच्छा यूजर इंटरफेस है| 2008 मे, इसे विकसित किया गया था| फ़ास्ट व सिंपल वेब ब्राउज़र होने के कारण इसका उपयोग Android, IOS, विंडोज, Mac OS व Linux आदि मे किया जाता है। User के डाटा safe और secure रखने के लिए गूगल ने ऐड ब्लॉकिंग कि सुविधा का भी विकास किया है. इसमें Private search करने के लिए Incognito Mode की सुविधा है

## वेब ब्राउजर के प्रकार (Types of Web Browser)

वेब ब्राउजर दो प्रकार के होते है

1. **टेक्स्ट आधारित ब्राउजर:-** ये ब्राउजर केवल टेक्स्ट को सपोर्ट करते है, हालंकि इस प्रकार के वेब ब्राउजर का प्रयोग अब बिलकुल भी नहीं होता है|
2. **ग्राफिकल ब्राउज़र:-** ये ब्राउजर मल्टीमीडिया जैसे टेक्स्ट, वीडियो, एनीमेशन, ऑडियो आदि को सपोर्ट करते है

## वेब ब्राउज़र का कार्य (Function of Web Browser)

- Web Browser का मुख्य उद्देश्य सर्वर से विभिन्न प्रकार का content जैसे टेक्स्ट, फोटो, हाइपरलिंक, विडियो, ऑडियो आदि प्राप्त करके इसे यूज़र के डिवाइस पर दिखाना होता है

- ब्राउज़र में अलग-अलग पर वेब पेजों को देखने के लिए अलग-अलग प्रोटोकॉल होते हैं, प्रोटोकॉल का मतलब है set of rules, इन में भी कुछ rules होते हैं जिन्हें हम [Hyper text transfer protocol](#) (HTTP) कहते हैं
- यह Process तब शुरू होती है जो कोई यूजर ब्राउज़र में एक URL ([Uniform Resource Locator](#)) जैसे [https://Computerhindinotes.com](https://Computerhindinotes.com) इंटर करता है| वेब पर लगभग सभी URL, http: से या https: से हि शुरू होते है जिसका मतलब है कि Browser वेब पेज को HTTP के साथ फिर से प्राप्त करेगा
- वेब पेज को एक बार फिर से प्राप्त करने के बाद, ब्राउज़र का Rendering engine internet से कंटेंट प्राप्त करके यूजर्स के डिवाइस पर डिस्प्ले करता है| यह content hyperlinks, video, images, आदि फॉर्म मे हो सकता है| ज्यादातर वेब पेजो पर अन्य पेजो और रिसोर्स की हाइपरलिंक होती हैं
- प्रत्येक लिंक में एक URL होता है, और जब इस पर क्लिक किया जाता है तो ब्राउज़र नये पेज पर नेविगेट करता है और इसी प्रकार यूजर के लिए कंटेंट लाने की प्रोसेस फिर से शुरू होती है

### वेब ब्राउज़र की विशेषताएं (Features of Web Browser)

लगभग सभी वेब ब्राउज़र एक जैसा ही काम करते है| इनमे बहुत सी विशेषताएं एक समान होती है| बस इनके Speed और features मे अंतर होता है, ज्यादातर ब्राउज़रो मे यूजर इंटरफेस विशेषताएं होती है, जो निम्न प्रकार है

1. Users को विभिन्न ब्राउज़र विंडो मे या एक हि विंडो के विभिन्न टैब मे, एक हि समय मे कई पेज खोलने कि अनुमति दे|
2. पिछले पेज पर वापस जाने के लिए और अगले पेज पर जाने के लिए बटन देखे गए
3. यूजर्स को होम पेज पर लौटने के लिए होम बटन होता है
4. वर्तमान पेज को फिर से लोड करने और रद्द करने के लिए स्टॉप बटन होता है| ज्यादातर ब्राउज़रो मे, स्टॉप बटन को रिलोड बटन के साथ मर्ज कर दिया जाता है|
5. किसी पेज की URL को इनपुट करने और उसे डिस्प्ले करने के लिए एक address bar और सर्च इंजन मे शब्दो को इनपुट करने के लिए Search Bar होता है|
6. मोबाइल ब्राउजर में डेस्कटॉप के समान ही यूजर इंटरफेस सुविधाएं होती है, टच स्क्रीन की सीमाओं के लिए मोबाइल यूजर इंटरफेस को सरल बनाने की आवश्यकता होती है|

## Best Web Browser for Desktop

web browser बहुत तरह के होते है जिसको जरुरत के अनुसार अपने leptop और कंप्यूटर में इनस्टॉल कर सकते है।

- Firefox
- Google Chrome
- Microsoft Edge
- Apple safari
- Opera

## Best Web Browser for Mobile

- Google Chrome
- Firefox
- Brave
- DuckDuckGo
- Opera